**दिनांक 10.08.2021 को जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक आत्मा, कोडरमा की अध्यक्षता में आत्मा प्रबंधन समिति की बैठक की कार्यवाही :–**

उपस्थिति पंजी में संधारित।

## कार्यवाही

सर्वप्रथम, जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, कोडरमा द्वारा सभी माननीय आत्मा प्रबंधन समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया एवं तदुपरान्त बैठक की कार्यवाही शुरु की गई। परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा सभी माननीय सदस्यों को वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत National Mission on Agricultural Extension & Technology (NMAET) योजनान्तर्गत Sub Mission on Agricultural Extension (SMAE ) का जिला प्रसार कार्य योजना (DEWP) की प्रति सभी माननीय सदस्यों को दी गई। तदुपरान्त जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक द्वारा आत्मा योजना के कार्यान्वयन हेतु आत्मा प्रबंधन समिति के सभी माननीय सदस्यों से निम्न प्रस्ताव पर परिचर्चा की गई।

- जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार कुल जिला स्तरीय प्रशिक्षण का लक्ष्य 02 निर्धारित है।

  सभी माननीय सदस्यों द्वारा जैविक खेती, सब्जी उत्पदन, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण करवाने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार कुल 200 प्रत्यक्षण का लक्ष्य निर्धारित है।

  सभी माननीय सदस्यों द्वारा सब्जी, हरा चारा एवं मटर फसल पर प्रत्यक्षण करवाने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार अन्तर्राजकीय परिभ्रमण का लक्ष्य 01 निर्धारित है।

  जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर, NDDB आनन्द, गुजरात/ NDRI, करनाल, हरियाणा में किसानों का परिभ्रमण करवाने हेतु प्रस्तावित किया गया।

  इस पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार राज्यस्तरीय परिभ्रमण का लक्ष्य 02 निर्धारित है।

  इस पर माननीय सदस्य द्वारा बी0ए0यू0 राँची/ आराखेरा, ओरमांझी में परिभ्रमण करवाने हेतु प्रस्ताव दिया गया, इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

➢ जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार जिलास्तरीय परिभ्रमण का लक्ष्य 06 निर्धारित है।

इस पर माननीय सदस्य गव्य विकास पदाधिकारी एवं जगदीश यादव द्वारा श्री सुजीत साव (बागवानी), रामचन्द्र यादव, (कृषि एवं सब्जी उत्पादक) एवं एकराम खान (पशुपालक) के प्रक्षेत्र पर परिभ्रमण करवाने हेतु प्रस्ताव दिया गया, इस पर सभी समिति सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

➢ जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार जिलास्तरीय किसान मेला–सह–उद्यान प्रदर्शनी का लक्ष्य 01 निर्धारित है।

इस पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा जयनगर प्रखण्ड के पंचायत पिपचो के हाट मैदान में किसान मेला आयोजित करवाने पर सहमति प्रदान की गई।

➢ जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार कृषि एवं संबद्ध विषयों से संबंधित तकनीक का लिफलेट, बुकलेट के माध्यम से प्रचार–प्रसार का लक्ष्य 06 यूनिट निर्धारित है।

इस पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा अनुसार कृषि एवं संबद्ध विषयों से संबंधित तकनीक का लिफलेट, बुकलेट छपवाने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

➢ जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार Low Cost Publication का लक्ष्य 01 यूनिट निर्धारित है।

इस पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा कृषि एवं संबद्ध विषयों से संबंधित तकनीक का लिफलेट, बुकलेट, पंपलेट छपवाने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

➢ जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार Development of Technology Package का लक्ष्य 03 यूनिट निर्धारित है।

इस पर सभी माननीय सदस्यों द्वारा कृषि, सब्जी, बागवानी, पशुपालन एवं गव्य विकास से संबंधित गतिविधियों पर विडियों फिल्म तैयार करने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

➢ जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन का लक्ष्य 02 निर्धारित है।

कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, कोडरमा द्वारा करवाने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

➢ जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार कृषक वैज्ञानिक एवं प्रसार कार्यकर्ता संयुक्त रूप से किसानों के खेत में प्रत्येक माह आवश्यकतानुसार 01 क्षेत्र भ्रमण किया जाना है।

सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार कृषक गोष्ठी का लक्ष्य 06 निर्धारित है।

परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा प्रस्ताव दिया गया कि सभी विभागो के सहयोग से कृषक गोष्ठी प्रखण्ड स्तर पर बी0ए0ओ0/प्र0त0प्र0/स0त0प्र0/जनसेवक के द्वारा आयोजित कराया जाता है।

इस पर सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

- जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा सभी समिति सदस्यों को बताया गया कि वर्ष 2021–22 में आत्मा अन्तर्गत जिला प्रसार कार्य योजना के अनुसार कृषक पाठ्शाला का लक्ष्य 12 निर्धारित है।

समिति सदस्य द्वारा प्रत्येक प्रखण्ड में दो–दो कृषक पाठ्शाला बी0ए0ओ0/ प्र0त0प्र0/ स0त0प्र0/ जनसेवक के द्वारा चलाने हेतु प्रस्ताव दिया गया।

इस पर सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई।

अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

13/08/21

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक
आत्मा, कोडरमा।

ज्ञापांक 135 / कोडरमा, दिनांक 13.08.2021

प्रतिलिपिः जिला कृषि पदाधिकारी, कोडरमा/जिला उद्यान पदाधिकारी, कोडरमा/जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, कोडरमा/ जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा/ जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कोडरमा/ कार्यक्रम समन्वयक,के0भी0के0, कोडरमा/ कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कोडरमा एवं आत्मा प्रबंधन समिति के सभी गैर माननीय सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

13/08/21

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक
आत्मा, कोडरमा।

ज्ञापांक 135 / कोडरमा, दिनांक 13.08.2021

प्रतिलिपिः उपायुक्त कोडरमा/ उप विकास आयुक्त, कोडरमा/ निदेशक समेति, झारखण्ड राँची/ संयुक्त कृषि निदेशक, उ0छो0प0, हजारीबाग की सेवा में सूचनार्थ समर्पित।

13/08/21

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–परियोजना निदेशक
आत्मा, कोडरमा।